ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया आज से

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जालोर. राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर के ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया बुधवार से शुरू होगी।

प्रवेश प्रक्रिया के नोडल अधिकारी मोहम्मद इरफान ने बताया कि महाविद्यालय में सत्र 2023-24 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष कला, विज्ञान एवं वाणिज्य में ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया बुधवार दिनांक 28 जून से प्रारंभ होगी है। जिसके तहत छात्राएं ऑनलाईन आवेदन कर सकती है। ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि पांच जुलाई है। महाविद्यालय द्वारा आवेदन पत्रों के ऑनलाईन सत्यापन की अन्तिम तिथि आठ जुलाई है। अन्तिम वरीयता सूची व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन सोमवार दिनांक 10 जुलाई को किया जाएगा। दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश शुल्क ई-मित्र पर जमा करवाने की अन्तिम तिथि 13 जुलाई रहेगी। प्रथम प्रवेशित छात्राओं की सूची का प्रकाशन 14 जुलाई को किया जाएगा।

राजस्थान पत्रिका (जालोर)
28.06.2023

कॉलेज में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया आज से, अंतिम तिथि 5 जुलाई

जालोर | श्री राजेंद्र सूरि कुंदन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय जालोर में सत्र 2023-24 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष कला, विज्ञान एवं वाणिज्य में ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया बुधवार 28 जून से शुरू होगी। ऑनलाइन प्रवेश नोडल अधिकारी मोहम्मद इरफान ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया के तहत छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सकती है। आवेदन की अंतिम तिथि 5 जुलाई तक है। आवेदन पत्रों के ऑनलाइन सत्यापन की अंतिम तिथि 8 जुलाई है। अंतिम वरीयता सूची व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन सोमवार 10 जुलाई को किया जाएगा एवं दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश शुल्क ई-मित्र पर जमा कराने की अंतिम तिथि गुरुवार 13 जुलाई है।

दैनिक भास्कर (जालोर)
28.06.2023